तो अब चलो मिथिला जाने के लिये परशुरामजी के उपराने को महेन्द्रगिरि चलैं। वहीं परशुराम से मिलेंगे;

अनिहौं सुजस महा अमल आनंद परम गंभीर;
सकल सुखद जनु पुन्य की रासि बीर मति धीर।
अति विशुद्ध तप तेज सों मिल प्रभुत्व परताप;
दरसन अद्भुत तेज बल सुनि आवत भव पाप॥

(दोनों उठ कर चले जाते हैं)

इति।

दूसरा अङ्क

[पहिला स्थान—जनकपुर राजमन्दिरमें श्रीसीताजीके महलका एक कमरा]

(परदे के पीछे) अरे ओ विदेहराज के दास दासियो; राम-चन्द्र कन्या के महल में घुसा बैठा है, उससे जाके कहो तो;

कीरति त्रिलोक जो गर्वित होय महेस समेत पहार उठाया।
सोइ दशकंधर को अभिमान जो खेल सों आवत सौंह नसाया;
ऐसहुँ हैहय के बलवान नरेस को कोपि जो मारि गिरावा;
काटि के डार से बाहु हजार जो पेड के ठूंठ समान बनाया॥

भुजनि के भूमि दै बार इकीस जो छत्रियवंस समूल सँहार
रघुवंश को हँसत के फिरि बालक जोरि के क्रोध प्रचार
भृगु सिर हैहय सहाय सहित जो नायक के पितुहूँ को पछारा
सो फरसौ कुठार कर, अंगन ज्वाल है अति कोप अपारा

(जनाने से राम सीता और सखियाँ आती हैं)

राम—कैसे आनन्द की बात है।

नहिं देख्यो बिन गुरु शम्भु के शिष्य प्रधाना।
भृगुकुलमनि सौन्दर्यहीन के परम निधाना॥
आवत देखत मोहि, इहाँ लज्जा सब त्यागी।
उर लखत मोरी मोहि नेह बल बरजन लागी॥

सीता—अरी सखियो यह क्या हुआ।

सखियाँ—कुँवरजी आये मन।

राम—देखो हमें इनसे मिलने की चाह बड़ी है। रोकना अच्छा नहीं लगता। किसी के उत्साह को रोकना न चाहिये।

सखियाँ—हाय परशुराम को तो हम लोगों ने सुना है कि उसने बार बार संसार में घूम के क्षत्रियों का नाश करके अपना मनोरथ पूरा किया था।

राम—क्या एक काम से उनका महातम कम हो सकता है नहीं तो

निज बाहुबल रनजीति हैहयनाथ आदिहि जस लियो।
पुनि भूमि बार इकीस महि यह लोक निरक्षत्रिय कियो।
हयमेध कीन्ह समेत महि निज गुरू कश्यप को दई।
महि सिन्धु सन तिन कारन हेत हटाय जल सथल लई॥

(परदे के पीछे)

तजि धीर दुख सन त्रास वस सब द्वारपाल निहारहीं।
जेहि ओर चितवत रकत सूखत देह वदन बिगारहीं॥
परिवार हा! हा! करत सब चहुँ ओर सन चिल्लात हैं।
किये क्रोध भृगुपति हाथ भीतर जात हैं॥

राम— ऐसे ही महर्षि [illegible] है [illegible] की [illegible] लिखी है। यह [illegible] है, [illegible] और यह [illegible]

([illegible] से [illegible] कर चलता है)

सखियाँ— अरी आली, कौन से [illegible] हाय [illegible] के सब [illegible] खिला रहे हैं। कुमा-रीजी [illegible] से तुम्हीं कहो।

सीता— आर्यपुत्र आगे बढ़ रहे हैं, चलो उनको लिवें।

(चलती हैं)

[दूसरा स्थान—श्रीसीताजी के महल का दूसरा कमरा]

(आगे पीछे राम सीता और सखियाँ आती हैं)

सखियाँ—देखिए कुँवरजी, कुमारीजी घबड़ाई हुई आरही हैं।

राम—(प्रेम और दया से लौट के) देखिये यह बहुत घबड़ाई है आप लोग समझाइये।

सखियाँ—सखी तुम तो सदा जब हम से कहती थीं कि कुँवरजी सुर असुर जीतने की सामर्थ रखते हैं, इन में तीन लोक के मंगल करनेवाले जय के लक्षण हैं, तो तुम्हारा मुँह खिल जाता था। अब वह जय करने जाते हैं तो क्यों रोकती हो।

सीता—हाय, यह सब क्षत्रियों का नाश करने वाला परशु-राम है।

राम—प्यारी तुम सुख से लौट जाओ।

सुन्दरताइ निचोरि धरी जनु मंजु मधूक के फूल के रंगा।
साहस की घबराहट से जनि काँपैं प्रिया तुम्हरे सब अंगा।
डोलत हैं उलास भरे भौंह, कन्दुक से उभरे उर संगा।
भूटी ही पास लौं मोरी प्रिया तब हूजे नहीं [illegible] के संगा॥

परदे के पीछे, हे हे दासियो दशरथ का लड़का कहाँ है?

सखियाँ—हाय हाय इन्हीं को बुलाती हैं।

राम—यह इसी भयंकर कार्य के करनेवाले की बोल चाल को देख कर रहीं हैं जैसे बादल की गरज होती है।

सीता—हा, कहाँ (धनुष पकड़ के) आर्यपुत्र जब तक सखियाँ न आजाएँ, आप न जाइये।

सखियाँ—प्यारी सखी ने निज से लाज छोड़ दी।

राम—(आप ही आप) स्नेह तो रोके लेता है (प्रकाश) तो हम धनुष छोड़ देंगे

(धनुष के छोड़ने के हेतु हाथ खींचा इत्यादि फिर पकड़ता है)

सीता—तो तुम्हें हम ज़ोर से पकड़ेंगी।

राम—हाय हाय!

तप को बल की राशि क्रोध कीन्हें इत आवत।
वीररसागम हर्ष मोहि तेहि ओर बढ़ावत।
रोकत है इत मोहिं किये चेतन जनु मन्दा।
हरिचन्दन सम लगत अंग सियपरस अनन्दा॥

सखियाँ—अरे यही क्षत्रियों का शत्रु है परसराम, सूरज की जोति सा चमकता परसा लिए है, आग की लव की तरह ऊपर जटा लपेटे है, भारी टांगों को बढ़ा बढ़ा कर ऐसा चलता है मानों धरती घबड़ाई जाती है। यह तो आ पहुँचा।

राम—त्रिभुवन के इक वीर यही भृगुपति मुनिराई।
दरसत अमित महातम तेज साहससमुदाई॥
चलत मनहु मिलि एक रूप तप तेज अखंडा।
भयेः सिमिटि एक पिंड वीररस मनहु प्रचंडा॥

(अचरज से) पावन वेद नेम व्रतधामा।
कीन्हे जगत भयंकर कामा॥
घोर मंजु गुन मूरति माहीं।
वेद सरिस लखाहीं॥

राम जी

बने भयंकर भाँति बहुत [illegible]
किये कोप जहाँ त्रिपुरासुर [illegible]।
[illegible]
[illegible]।

और स्वच्छन्द [illegible] है
हाथ गहे हैं कुठार कठोर, जटा [illegible];
काँधे [illegible] है बाँधे जटा [illegible]।
हाथ में बान कलाई पै [illegible]
[illegible] है इक संग लिये [illegible]।
प्यारी यह भी बड़े हैं ज्ञानी [illegible]।

सीता—हाय हाय यह तो पहुँच गये। (हाथ जोड़ के) आर्य-पुत्र मैं क्या करूँ। हाय साहस न करो।

राम—प्यारी—है यह मुनि जो वीर महाव्रत।
औरहु यह मोरे मन भावत॥
क्यों काँपहु तुम डर बस भारी।
तजहु कंपन तुम [illegible]॥
कैसो यदपि सुभट जगमाहीं।
यदपि गर्व बल बाहु भुजाहीं॥
तदपि यहि कर बल जाँचनहारा।
जानु मोहि रघुवंशकुमारा॥

(परदे के पीछे) इस राम लड़के ने कैसी धृष्टता की है।

शान्तचित्त नित रहत लोकहित कृपानिधाना।
जो तोरत प्रभु डरयो नाहिं शंकर धनुबाना।
कै न सुन्यो [illegible] तारक जिन मार्यो।
कै जानत नाहिं मोहि गुरु सम शिष्य पियारो॥

हमारे शान्त रहने का बुरा परिणाम यही हुआ

फिर छत्रिकुल क्षत्रियन पावा ।
अब फिर मिस हम धनुष उठावा ॥
तू बस करै चाहत अब जोई ।
तुम्हें आज मिल कारन सोई ॥

परशु०—क्षत्रिन तेज तपवारिन जोन अभिमान जनावत ।
जग प्रसिद्ध करि गोद सो मुनि मोंहि हेरत आवत
लखे लिखे धनुबान जात मुनि काज करन को ।
फरकत है मो हाथ गहन हित कपटि चरन को ॥

परन्तु आचार का यहाँ कौन काम है ।

(पर्दे के पीछे) अरे क्षत्री, दशरथ का लड़का राम

राम—अजी हम यहाँ हैं । इधर आइए ।

(परशुराम आते हैं)

परशु०—वाह, राजकुमार, तू पूरा इक्ष्वाकुबंशी है ॥
मैं मोहि ढूँढ़त वचन हेत तू गर्व जनावत ।
सांचे क्षत्रिय तेज भौंह मेरे चलि आवत ॥
जिनहि मत्त गजपाठ सिंह भांति ज्यों डारै ।
जो गिरि से गजकुम्भ वज्र सम नखन बिदारै

सखियाँ—भगवान कुशल करै यह क्या कहते है ।

परशु०—(आप ही आप) राजकुमार तो बड़ा सुन्दर
सिर हिलत पांच शिखंड मंडल नवल सुघड़ शरीर है ।
आकार प्रियलक्षन सहज जनु लसत रुचिर गँभीर है
मनमोहनो यह रूप निरखत विश्वलोचनचोर है ।
तेहि मारिये अब अग्नि हा ! यह धीरनेम कठोर है ॥
(क्रोध) सके नहीं जगवीर आजुलौं जो धनु तोरी ।
ता के टूटत क्रोध बाँह मेरी अब मोरी ॥
खंडपरशु कहि लोक गहत जेहि शिवहि पुकारै ।
सो यह परशु कठोर कंठ पर तब कसि मारै ॥

सखियाँ—हाय हाय यह तो बिगड़ गये।

राम—(बड़े लाज और कौतुक से देख के) महात्माजी यह वही परशु है जिसे श्रीमहादेवजी ने हुलास [illegible] के लिये आपको परिवार समेत कार्तिकेय के जीतने पर प्रसन्न होकर दिया था।

सखियाँ—कुमारी जी देखो कुमारजी के मन में [illegible] हुआ है पर अपनी वीरता से परशुरामजी के [illegible] करने की रीति के देखो नहीं जान पड़े हैं।

सीता—(अचरज से परशुराम के ओर देखती है)

परशु०—(आपही आप) यह अचरज है कि यही तो बात ही दूसरी है। महिमा और सौम्य कैसा अद्भुत है! सौजन्य और वीरता साथ ही है। (प्रकाश) राम, हाँ यह वही परशु है।

सखियाँ—कुछ तो धीरे हुये।

परशु—जानत सकल अस्त्र व्यवहारा।
जब जीत्यो गन सहित कुमारा॥
होय प्रसन्न नाथ उर लीन्हा।
तब यह परशु मोहिं गुरु दीन्हा॥

राम—(आप ही आप) इतने पर भी यह कहते हैं, बड़ा गर्व इनको है (प्रकाश) इसी से तो महात्माजी तीनों लोक में तुम्हारी वीरता प्रसिद्ध है।

जेहि सन कंठिनाथ भगवाना।
खंडपरशु कहि सब जग जाना॥
लहि सोइ तारकारिहुहि हराई।
परशुराम पदवी तुम पाई॥

क्योंकि—उत्पत्ति है जमदग्नि सन गुरु चंद्रमौलि भगवान है;
बल तेज को कहि सकत कर्म विदित सकल जहान हैं॥
महि दीन्हि सात समुद्र बेरी, जानि मानिय दान को।
है सत्य लौकिक कौन गुन तव ब्रह्मतेजनिधान को?

सखियाँ—कुँवरजी कैसी बातें कह कह कर मना रहे हैं।

परशु०—है राम शोभा धाम, जिन कुलन कुल अभिराम।
मेरे हिये तोहि देखि, अब प्रीति होति विशेखि॥

और सुन लो, परशुपानि किय जहँ कुठार प्रहारा।
छेद्यो जेहि शर मारि कुमारा॥
सो उर अतुल वीर लखि पुलकित।
आवत यहाँ कहीं सांचो नित॥

सखियाँ—कुमारी जी देखो तो कुँवरजी कैसे तेजधारी हैं तुम तो सदा उलटा ही समझती हो।

सीता—(आँसू भर के सांस लेती है)

रानी—महाराज जी मैं तो जिस के लिये आप आये हैं उसके निकट हूँ।

सखियाँ—कुँवर जी का विनय वीरता के साथ कैसा अच्छा लगता है।

परशु०—(आप ही आप) अरे यह क्षत्रिय का लड़का कैसा सुजन है। अपने और पराये गुणों का कैसा समझना है और उन का कैसा आदर करता है। विनय इतना बढ़ा हुआ है कि उस के आगे अहंकार छिप सा गया है।

यद्यपि न मोहिं लौकिक नर मानत।
मेरे गुन चरित्र सब जानत॥
तउ बोलत निधरक तजि त्रासा।
यद्यपि विनय मन करत प्रकासा॥
अहै कौन यह बालक वीरा।
गुन महिमासन रच्यो शरीरा॥

बड़ा अचरज है

त्रिभुवन अभय देन के काजा।
यहि कों देह लखिय सब साजा॥
ज्ञान विनय बल धर्म समेता।
श्रिय सात्विक गुन तेज निकेता॥

यह जो, अखिलेश यह रूप अजानको हिय प्यारा।
वेदवखानत सच्चिदानंद नेति अनादि।
रामचन्द्र के दर्शन सुलभ जो लावहु देरी।
नहिं प्रभु प्रभु राखि गुरु के काज देरी॥

(प्रकाश) आप लोग राजकुमारी के आनन्द लें।

राम—, आप ही आप ; ठीक है।

(परदे के पीछे)

आवत है यहि विधि जहें तेरि कलपतरु !
शतानन्द कुमारि लहि मनु पौधा निज हाथ॥

सखियाँ—कुमारी जी स्वामी आपकी आशिषें मांगत खड़ी।

सीता—भगवती लक्ष्मी की देवी है तुम्हारे हाथ सौंपती हूँ। मंगल करना।

(सखियाँ बाहर जाती हैं)

परशुराम—यह पंडित नृप जेहि बहुत दिन।
शतानन्द आंगिरस पुरोहित॥
याज्ञवल्क्य जेहि मातु पितामह।
सो वहि नृप कहँ देहु पठाना॥

अच्छा तो हैं पर क्षत्रिय ह्याँलोगों में हमारे बेटा होते देख जानते हैं।

(परदे के पीछे)

एक—तो अब क्या करना चाहिये।

दूसरा—महात्मा—

आवो जो राहुल हिय यह लखि कर विविधत कीजिए।
पुनि वैद्य की नालि यहि नसुपर्क लोचन दीजिए॥
जो बैर सारि कृपाहुलस निज आज तेहि छेड़न कहैं।
तौ आणि पूँछन श्रीम यहि कौतुक निज अवसर लहैं॥

राम—यह आप लोगों की इच्छा की बात रहे है।

परशु०—तुझ को नहीं

[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] दुःख अपार ॥

राम—जान पड़ता है कि आप हम पर बड़ी तरस खा रहे हैं।

परशु०—अरे क्या तू [illegible] ?

[illegible] ।
[illegible] ॥

राम—महाराज आप को बड़ी कृपा आ रही है।

परशु०—अरे यह तो हम पर भी वाक छड़ाता है। अरे क्षत्रिय के बच्चे तू अभी बच्चा है और तेरी माई बहु है इसी से हम को बड़ा तरस लगता है।

सब जानैं याहि लोक महँ गावैं रचि रचि गाथ ।
परशुराम निज मात को काट्यो सिर निज हाथ ॥

और सुन रे मूढ़

क्षत्रिय की जाति औ बिरोध मानि वालेहू को
पेट सन काटि लंड लण्ड करि डारे हैं।
राजन के बंसन इकीस बार कोप करि
देश कहूं ओर ढूंढि हेरि हेरि मारे हैं॥
बैरिन के लोहू के तड़ाग मैं असनान करि
बोरिकै बुझाये निज क्रोध के अँगारे हैं।
रक्त ही को तर्पन पितान्हि दीन्ह कौन मूढ़
जानत सुभाव और न चरित्र हमारे हैं॥

राम—निर्दयी हो के मारना तो पुरुष का दोष है उसमें कौन डींग मारने की बात है।

परशुराम—अरे क्षत्रिय के लड़के तू बहुत बकता है।

कहि महान् बहु सौंहि मोहि आजु यह लीन्हा,
करि प्रहार शिशु प्रथम नींव करिहैं निज दीन्हा।
मेरे एकहि बाण चलनु छाँड़ि जस जाति हैं।
सिखत सीखि मोहि तहँ [illegible] बहुरि का जाति हैं॥

(जनक और शतानन्द आते हैं)

जनक और शता०—भैया रामचन्द्र, इधर आ, [illegible] हो जाओ।

राम—हाय अब तो हमें इन लोगों की आज्ञा पर चलना होगा।

परशु०—कहिये आंगिरस जी कुशल से हो।

शता०—विशेष कर तुम्हारे दर्शन से। और,

आये जो पाहुन पूजनजोग हैं बैठिये नाथ करें सतकार।

परशु०—पुरोहित जी, वेदपाठी, यज्ञकरनेवाला, याज्ञवल्क्य का शिष्य बड़ा भलामानुस सुना जाता है। पर हम अतिथि सत्कार नहीं मांगते, हम पाहुने नहीं।

शता०—पौढ़ि कुमारी के मन्दिर में तुम श्रेष्ठ कियो गृहधर्म हमारा।

परशु०—हम तो वनवासी ब्राह्मण हैं हम महाराजाओं के घर की रीति क्या जानें।

राम—(आपही आप) जिसने संसार को दान कर दिया उसे राजाओं से गर्व जनाना कैसा अच्छा लगता है।

जनक—आहत हैं हमरे केहि कारन छेड़त हो रघुवंशकुमारा।

(कंचुकी आता है)

कंचुकी—कंकन छोरन रानि मिली वर सेजिये नाथ न लाइय बारा।

जनक और शता०—भैया रामचन्द्र तुम्हें तुम्हारी सास बुला रही है, जाओ।

राम—महात्मा परशुराम जी देखिये बड़ों की आज्ञा यह है।

परशु०—कुछ दोष नहीं है। लोकरीति कर लो। जाओ सासुओं से हो आओ। पर वनवासी नगरों में बहुत देर तक नहीं ठहरते इस से हम जाना चाहते हैं विलम्ब न करना।

राम—बहुत अच्छा।

(सुमन्त्र आता है)

सुमंत्र—वसिष्ठ और विश्वामित्र जी आप लोगों को परशुराम जी समेत बुला रहे हैं।

और सब—दोनों महात्मा कहां हैं?

सुमन्त्र—महाराज दशरथ के डेरे में।

राम—बड़ों की आज्ञा से मुझे जाना पड़ता है।

सब—अभी वहीं चलें (सब बाहर जाते हैं)

इति।

तीसरा अङ्क

[स्थान—जनकपुर महाराज दशरथ का डेरा]

(वसिष्ठ, विश्वामित्र, परशुराम, जनक और शतानन्द आते हैं)

वसि० और विश्वा०—परशुराम,

इह जो पूर्व लौं यज्ञ कराइ प्रसिद्ध जु इन्द्रके मित्र पियारे।
राजत जो यहि लोक के बीच सुरेस समान प्रकासमें सारे।
लागे रहैं हम से जन जासु जु विश्व मैं है मनु सों पद धारे।
वृद्ध नरेस सों पुत्र के मोह सों मांगैं अभै कर जोरि तुम्हारे॥

सो इस व्यर्थ झगड़े को छोड़ो।

रचा जाय मधुपर्क और घी में पाकैं अन्न।
सोतो आये सोतिथ्य कर हम सबन प्रसन्न॥

परशु०—जो आप लोग कहते हैं उस में मुझे इतना ही कहना है कि क्षमा करने में बार न लाता जो राम ऐसा वीर न होता। आप देखैं तो,

हैं यदपि बालक राम, है जगविदित कर्म दिखाइकै।
पुनि परशु घर कवमौन साध्यो हानि पर मन लाइकै॥

यह जानि सिय, को गुरु न मानत, सत्य बात न क्यों कहौ ;
नहिं शुभ यह कहुँ बीर कोउ पुरुषार्थ सन परिभव लहौ ॥

दोहा

जो जन रसत हुलसत फिरत जानत है सब भेद ।
मिलै जो तेहि संजोग सों कछु निन्दा को खेद ॥
कहत फिरत यक एकसों मांहि सकल संसार ।
रुकै न काहिहु वचनसों तेहि कर लोकव्यवहार ॥

वसिष्ठ—ऐसा कष्ट क्या। जनकजी इस आयुष्यशालिका को लिये लिवेंगे। परशुराम जी तुम श्रोत्रिय हो, तुम को तो पवित्र मार्ग पर चलना चाहिये। तुम तो वनवासी तपस्वी हो तुम को चाहिये कि मैत्री करुणा और देखा ही जो भावना है उनको पाल डालो जिस से चित्त शुद्ध हो राग और प्रकाशमान हो, शोक से रहित हो सुख पावें और परशु को रख दो। जब चित्त शुद्ध हो जाता है तो ज्ञानमय नाम ब्रह्मज्योति का ज्ञान हो जाता है जिस से फिर किसी प्रकार का विपर्यय चित्त में नहीं आता और जिस से अन्तःकरण में पूरी सामर्थ्य आजाती है। ब्राह्मण को यही करना चाहिये। इस से पाप और मृत्यु के परे हो जाता है। तुम तो अब तपस्या भी कर रहे हो। देखो तो,

गंगा स्वर्ग की लखन, सुधाजित बूढ़ा राजा ।
लोमपाद नरनाह सहित निज जानि समाजा ;
जनक करत नित यह पढ़ै उपनिषद् सारे ।
याचक हैं यहि समय राम के काज तुम्हारे ॥

परशु०—ठीक है। परन्तु,

कैसे देखौं जायके बिन त्रिशूल उखारि ।
गुरु देव त्रैलोक्यपति युवतिय शैलकुमारि ॥

विश्वा०—जो तुम को गुरु का इतना विचार है तो जो तुम कहते हौ सो ठीक नाहिं क्योंकि,

भृगु वसिष्ठ औ अंगिरस ये त्रिषि सब श्रापि तीन ।
तुम भृगुवंशि इसलिए यह यह आंगिरस प्रवीन ।

परशु०—करिहौं प्रायश्चित्त मैं करि अपमान तुम्हार।
पै न धर्म निज छाँड़िहौं गहि निज हाथ हथ्यार॥

और भी— मुनिहु सन प्रिय अस जन ज्वाला।
राखब निज जन कर नित माला॥
तुम सब अरहु, बाँह यह मोरी।
जहँ फुंकरी समर महँ डोरी॥

विश्वा०—(आपही आप)

यह सब महिमा करि प्रगट परशुराम की बात।
छिन उपजावत आचरज हिय नित बेधत तात॥

परशु०—सुनो महात्मा कौशिकजी,

गुरु वशिष्ठ नित ब्रह्म में रहैं लगाये ध्यान।
बीरन के कुल धर्म में तुमही गुरु प्रधान॥
भृगु के उत्तम वंश में लह्यो जन्म जग जोय।
सो कर लीन्हों शस्त्र तेहि इहाँ उचित का होय॥

वशिष्ठ—(आप ही आप)
है स्वभाव सन यह असुर, गुन सन यदपि महान।
महिमा लहि मर्याद तजि, जगत करै अभिमान॥

विश्वा०—भैया हम यह कहते हैं।

तुम एक के अपराध से तजि धीरमति चित, कोपि कै।
बिन काज क्षत्रिय जाति मारी व्यर्थ ही प्रण रोपि कै॥
द्विज बीस हू के छत्रि इकइस बार जग सब छानि कै।
संहारि रोक्यो क्रोध पुनि मुनि च्यवन कहनो मानि कै॥

परशु०—पिता के बध से जो क्षत्रियों के मारने का बड़ा काम मिला था उसे तो मैं छोड़ बैठा इस में क्या कहना है।

वज्रखंड के सरिस परशु यद्यपि अति प्यारा।
बन्यो छत्रबध छाड़ि ईंधनै रा।

रुद्र सरिस कोदंड जिन्ह कति नीरद नाला ।
आगि सरिस विरञ्चि ज्यों लौ बरै समाना ॥
बहुदिन बीते नाहिं उपजत आजेक तुमि बातो ।
छको परशु को नवल जीव को आजि दुबानी ॥
फिरि बन लरिस निमाकि उपन क्षत्रियकुल बाढ़ा ।
हमरि आजु लोहू कैरन हैं बहुदिन जनु डाढ़ा ॥

राम का सिर काटने का एक और भी कारन है । अब तो,

यह बालक कीन्हेसि चंचलपन ।
काटि तासु सिर मैं जैहौं बन ॥
रहैं अबै रघुनिमिकुलराजा ।
फिरि न काहु कर होइ अकाजा ॥

शता०—किस की इतनी सामर्थ्य है जो हमारे प्यारे यजमान राजर्षि विदेहराज की परछाईं भी लाँघ सकै । दामाद के छूना तो दूसरी बात है,

याहि घर के आचरन नित रहे धर्महितलागि ।
बहुदिन से तहँ रहत ज्यों गार्हपत्य की आगि ॥
सो बैरी के हाथ सों जौ पावै अपमान ।
तौ हम धिक ब्रह्मण्य धिक् धिक् अंगिर सन्तान ॥

विश्वा०—वाह, भैया गौतम, वाह, राजा सीरध्वज तुम ऐसा पुरोहित पाके धन्य है !

निधन होइ जिनसे नहीं डिगैं राज नहिं तासु ।
जिन नृप बल रक्षा करत तुम पंडित द्विज जासु ॥

परशु०—अजी गौतम तुम्हारे ऐसे कितने क्षत्रियों के पुरोहित ब्रह्मतेज से कूदे थे । पर संसारिक तेज तो अलौकिक तेज के सामने बुझ से जाते हैं ।

शता०—(क्रोध से) अरे बैल, निरपराध क्षत्रियों का वंश नास करनेवाले, महापापी बुरी चेष्टावाले नीच काम करनेवाले,

वेदविरुद्ध चलनेवाले चाबुक पतित, धर्म छोड़े, तू हम के भी विलौती बृता है। क्यों रे तू भी अपने को ब्राह्मण कहता है यह है ब्राह्मण का काम ?

कादर मातन्शील, सबन की बुधि छोटिहो।
यह करत अनरीत, हनत ब्रह्महत्या सारिस॥

परशु०—क्यों रे अब नगाड़े वाले तुच्छ क्षत्रियों के पुरोहित, क्यों रे अहिल्या के पूत हम नीच कहाँ हैं ?

शता०—अरे नीच पापी भृगुकुल के कलंक

क्षमा करैं गुरु और नृप क्षमा अधिक दिन माहिं
शतानन्द यहि अधम को क्षमा करै अब नाहिं॥

(इतना कहकर कमंडल से पानी हाथ में लेता है)

वसिष्ठ—अरे कोई है भाई, मनाओ, मनाओ। अरे यह तो पहले से हाँफी आग की नाईं क्रोध की आग से शतानन्द का ब्रह्मतेज प्रचण्ड हो रहा है।

शता०—(जल्दी से शाप के लिये पानी लेके) देखैं आपलोग

तुम्हहिं बधन चाहत यह पापी।
तेहि बेगहि करि क्रोध सरापी॥
करौं वायु सँग मनहुँ कृशाना।
खल कुलहि अब छार समाना॥

(परदे के पीछे) यह आप क्या करते हैं, क्षमा कीजिये। आप की तपस्या का प्रबल तेज ऐसे पर नहीं पड़ना चाहिये जो आप के घर आया है।

सखा बन्धु बाम्हन गुनी आयो है नव गेह।
ताहि विनाशन चहत तुम कौन धर्म कहु एह ?
छाड़े जो मर्याद निज लहै शास्त्र महँ बोध।
क्षमी ताहि सुधारिहैं, आप करिय जनि क्रोध॥

वसिष्ठ (शाप का पानी गिरा कर) भैया शतानन्द देखो

जो तुम्हारे समधी महाराज दशरथ आप कहते हैं, और यह भी तो सुनो।

ह्वै है मंगल काज मैं हम किमि अपमान।
करौ शांति आथर्वनि संग जल मैत्रविधाना।
सामवेद के मंत्र पढ़ै जीवन के काजा।
वामदेव मुनि जौं सहित सब शिष्य समाजा॥

(पीछे लगा के बाहर निकाल देता है)

परशु०—देखो क्षत्रियों का पाला बच्चा कैसा गरजता है। यह क्या करैगा। अभी है कोशलराज और विदेहराज के पाले ब्राह्मण और सातों कुलपर्वत और द्वीपों पर रहनेवाले सभी, हमारी बात सुनो।

तपस्या कै हथियार का जोहि काहुहि मद होइ।
समुझै निज निज वैरी प्रबल याहि छिन मो कहँ सोइ॥
बिन सौरध्वज करि जगत बिन दशरथ औ राम।
दोउ कुल के सब लोग हति लहै परशु विश्राम॥

(पर्दे के पीछे) परशुराम, परशुराम तुम बहुत बढ़ते जाते हो।

परशुराम—अरे यह तो हमको बुलाने को जनक बिगड़ रहे हैं।

(जनक आता है)

जनक—तजत सकल निज छत्रपद सौंपिन आवे।
परमब्रह्म की ज्योति माँहि नित ध्यान लगावे॥
दबो गृहस्थी माहिं जु क्षत्रिय तेज प्रचण्डा।
प्रगट होय सो उठवावत कर सन कोदंडा॥

परशु०—अजी जनक,

तुम धार्मिक अति वृद्ध लहे परमारथ ज्ञाना।
वेद पढ़ायो तोहि सुयंकर शिष्य प्रधाना॥
जोग जानि याहि हेत करौं आदर मैं तोरा।
तू केहि हित भय छाँड़ि कहत अस बचन कठोरा?

भाखौ न कछ मतिमान

जनक—तुम्हारे शिष्य जाय माहूँ मैं। जाको तुमो
जन्मो भृगुकुलविमल का यहि तपसी मुनि आनि।
रह्यो बैर लौं निशुद्ध को हम भाँति कलुषित आनि
तुम समान हम लखत नाहिं करत जाल अपमान।
उठै धनुष पाहि तुम पर अब उपाय नहिं आन॥

परशु०—(रोष से हँस के) क्या कहा तुमने! क्या
र! बड़ा अचरज है। (परशु सम्हाल कर)

ईखत त्रिपुरारि-धनुष धर्यो यह परशु कराला।
जो लखि क्षत्रिय सौंह हँसत जनु मदकल ज्वाला
याज्ञवल्क्य के आदर सों मोहि नवत निहारी।
वृथा फूलि यह डोकर क्षत्रिय गरजत भारी॥

जनक—तो कहना क्या है।

शैल सरिस इव कोटि वजन गरजत अति घोरा
लसै जीभ सी डोर चाप सो यहि छन मोरा।
मसन काज संसार काल जब बदन पसारै।
लीलन को यह तुष आज नाको छबि धारै॥

(धनुष उट

(परदे के पीछे)

करै जु सहस गाय नित दाना।
छुवै न सर तव हाथ पुराना॥
उचित न द्विज पर क्रोध तुम्हारा।
जनि उठाइये भूप हथ्यारा॥

जनक—माई महाराज दशरथ,

नाहिं अकाज हम कहैं जो कहई।
को द्विज के कटु वचन न सहई॥
कहतहि वचन अमंगल ऐसे।
ब्रह्मा रहत सहैं सो कैसे?

परशु०—अरे बाली को छूँक तू, इसे क्षमा कहता है, चुप न रह।

खोलि भँडार करेल की केसहु खाँहि सबै लहि काढ़ि बिरावै।
भोरि के छाती सुधाके दरे जहँ फेंकि औ ताँत पचेल मिलावै।
काढ़ि के सीस सभार के रक्त को मेल मैं रंग कपाल दिखावै।
कारै कुठार कठोर भलो यहु कोटी लौं कोटि नै विलगावै॥

(दशरथ आते हैं)

दशरथ—परशुराम मुनी जी।

तैसे इहाँ जनक नृप धीरा।
तैसे नाहिं तुम धरत शरीरा॥
तुम अब वृथा रारि जनि करहु।
हम सब कर धीरज किमि हरहु॥

परशु०—तो फिर?

दशरथ—हम क्षमा न करेंगे।

परशु०—तुम तो हमें और मालिक की नाईं धुड़क रहे हो। भूल गए कि जमदग्नि के लड़के परशुराम जनम से स्वतन्त्र हैं।

दशरथ—इसी से तो क्षमा नहीं कर सकते।

तजि मर्याद करै जो कर्मा।
तिनहिं सुधारब क्षत्रियधर्मा॥
तुम मर्याद लाँघि पद धारे।
हम क्षत्रिय तव दंडन हारे॥
होहु शान्त नतु एक छन माहीं।
मिलहि दंड तोहि संशय नाहीं॥
कहँ जप तप ब्राह्मन व्यवहारा।
कहँ यह क्षत्रिय जोग हथ्यारा॥

परशु०—(हँस के) बहुत दिन पर परशुराम के भाग खुले जो तुम क्षत्री उन को सुधारनेवाले मिले।

दशरथ—अरे इस में कुछ सन्देह है.

यदि होय पुत्र अज्ञान तें सन्देहु भ्रम मन में रहै।
जो करत विना विचार कछु, उपदेश सो गुरुजन गहै
जो भरत फिर सन्देह भ्रम लह जानि बूझि अकाज कै
तेहि दण्ड देइ न भूप, होय विनाश प्रजासमाज को।

विश्वा०—महाराजने बहुत ठीक कहा।

जो न होय तोहि ज्ञान होय कछु भ्रम सन्देहा।
पर वसिष्ठ के पास तासु छूटन विधि एहा॥
लहे शुद्ध मन ज्ञान कोउ किमि करै अकाजा।
सो कहिहै जो पाप लहै कैसे तेहि राजा॥

शु०—नर ज्ञान देहु अजान कहँ मेरे गुरु त्रिपुरारि हैं।
मैं कीन्ह क्षत्रिय नाश जेहि कोटि कुल वंश सुधारि है
हैं वृद्ध आदर जोग कहिय वसिष्ठ कहँ यहि सन कहा
को जीव जग महँ मो सरिस यहि काल कै कबहूँक र

वसि०—भृगु की संतान से हम हारे, यह बड़े आनन्
है परन्तु।

हमरेहि पालन जोग जो हम कहँ परम पियार।
हमरे ही घर में बसत अब देखत आचार॥

जनक, दश, और विश्वा०—यथार्थ यथार्थ नहीं बोलता!

गुरु सनातन जगत के राखै तासु न मान।
हम अब तोहि सुधारि हैं दुष्ट गयन्द समान॥

परशु०—ए सब तो मुझे मानते ही नहीं

भइयो परशु पाइ अपमाना।
यहि अवसर मो क्रोध समाना॥
यहि जग माहिं महीपति जेते।
रहैं सकल दशरथ बल तेते॥

मो अच्छा है,

बाहुबली जग को यह बैरी ।
क्षत्रिय नाम हेतु हिय हेरी ॥
करौ आज क्षत्रियकुलनासा ।
कुटिलकालमुख कर ग्रासा ॥
सुनि वृहन को वचन अशुरथ्य मन तुझ मेरो ।
लवणकान कोप लहान हिये तेहि क्षत्री कठोरी ॥
सो महक्रम अपमान पथ ज्यों आहुत ज्वाला ।
मलय काम तथ हदत बलान रत वायु कराला ॥

वसिष्ठ—कैसे शोक की बात है ।

यद्यपि अहै बन्धु यह तोरा ।
बाहुल बदन काज अति घोरा ॥
अहै अंव अनुपम मुनि सोई ।
केहि कारन अवलोप न होई ॥
जौ मैं याहि मारि क्रोध निहारा ।
हैहै भृगुकुलसंतति छारा ॥

विश्वा०—अरे परशुराम तू समझता है कि इन के पानी में ब्रह्मबल नहीं है वैसे ही इनके शस्त्र की शक्ति भी नहीं है ।
निन्दत क्षत्रि औ विप्र सभा लखिके को अनिष्ट हिय महँ आनो ।
ऐसे हैं दुःख हमैं अब लौं नहिं बोलैं हैं कन्या नरेश को जानो ।
कोप की आगि चढ़ी दहिले पर शापन को उठआवत पानो ।
हाथ लौं वायें दुहावत है धनु येति खेताय कै बान पुरानो ॥

परशु०—सुनो जी विश्वामित्र,

तुम्हरे ब्रह्मतेज जो भारी ।
होहु जाति बस कै धनुधारी ॥
निज तप प्रबल दहौ तप तोरा ।
भंजौ धनुहि परशु यह मोरा ॥
(पर्दे के पीछे)

मैं महात्मा कौशिकमुनि का चेला राम हाथ जोड़ के विन-
ती हूँ

नाथो, कृपानुख कीति जो फूलो हैहयईस।
जीवेंर पदमुख, नाहि मैं जीतौं देहु असीस ॥

दूत—मैया रामचन्द्र जागये अब क्या होगा।

जनक—जो अच्छी बात है उसे होने दीजिये। रामचन्द्र की
जै।

भूखन को सब यह हरिहैं तेजनिधान।
मुनि वसिष्ठ आदिक सकल यहि के अहैं प्रमान ॥

—निज प्रजापालनधर्मरत जग माहिँ विदित सदा रहे।
करि यज्ञ वेदविधान नित जो पुण्य रविकुलनृप लहे ॥
सोइ वंश मैं श्रीराम आजहि जन्म आयन जनु लहो।
सर्वज्ञ मानत ब्रह्म तासु प्रभाव जो यहि विधि कहो ॥

परशु०—आओ जी राजकुमार परशुराम को जीतो (मुसकाके)
त सकोगे। रेणुका का लड़का तुम्हारा काल है, बड़ा कठिन
का जीतना है। अब तो

कटत क्षत्रियन सीस चलत लोहू की धारा।
भड़कत शर की प्रबल आगि सब है छनकारा ॥
बजत डोरि धुनि गूँजि कुंज सम लहि ब्रह्मंडा।
कालघोरमुखकाज करै यह मम कोदंडा ॥

(सब बाहर जाते हैं)

चौथे अङ्क का विष्कम्भक

[स्थान—लङ्का, माल्यवान का घर]

(परदे के पीछे)

नो जी सुनो देवनाओ मंगल मनाओ, मनाओ

जय कृशाश्व के शिष्यवर विश्वामित्र मुनीस ।
जय जय द्विजपतिवंस के जानि अवध के ईस ॥
अभय करत जो जगत को करि [illegible] मन्द ।
सरन देत त्रैलोक्य कहँ जयति रघुकुलचन्द ॥

(घबड़ाए हुए शूर्पणखा और माल्यवान आते हैं)

माल्य०—बेटी तुमने देखा देवताओं में कितना एका है कि इन्द्र आदि आप से आप बन्दीजन बने जाते हैं।

शूर्प०—जो आप समझते हैं उससे और कुछ थोड़ा ही हो सक्ता है। मेरा तो जो कांप रहा है, अब क्या करना चाहिये।

माल्य०—करना यह है कि वह जो भरत की मा रानी कैकेई है उसे राजा ने बहुत दिन हुये दो वर देने को कहा था। आज कल दशरथ की कुशल छेम पूछने उसकी चेरी मन्थरा अयोध्या से मिथिला भेजी गई है, वह मिथिला के पास पहुँची है। उसके शरीर में तू समा जा और ऐसा कर (कान में कहता है)।

शूर्प०—तुम्हें विश्वास है कि वह अभागा मान जायगा।

माल्य०—यह भी कहीं हो सक्ता है कि इक्ष्वाकु के कुल में कोई भलमंसी छोड़ दे, न कि राम जो ऐसा वैरी का जय करने वाला है।

शूर्प०—तब क्या होगा।

माल्य०—तब इस योगाचारन्याय से राम को दूर खींच कर राक्षसों के पड़ोस में और विन्ध्याचल के खोहों में जहां इन का कुछ जानाहुआ नहीं है, हम लोग इन पर सहज ही चढ़ाई कर लेंगे। दण्डकवन के मुनियों को विराध दनु आदि राक्षस सताने लगैंगे। तब यह हो सकैगा कि राम के साथ राजसी बड़ाई तो कुछ रहैगी नहीं, उस समय छलकर राम का उत्साह मन्द कर देंगे। यह तो तुम जानती ही हो कि रावण ने जो सीता को अपनी